एक स्वस्थ पृथ्वी के नियम

सभी जीवों के साथ अमन रखना

"हमारे प्रत्येक विचार-विमर्श में, हमें अगली सात पीढ़ियों पर हमारे निर्णयों के प्रभाव पर विचार करना चाहिए।"

- इरोक्वोईस ज्ञान

प्रस्तावना

हमारे सामने आने वाली जरूरी और जटिल वैश्विक चुनौतियाँ उसी व्यवस्था के भीतर से हल नहीं होंगी जिन्होंने उन्हें बनाया था। आज, सभी संस्कृति और उम्र के लोग दुनिया भर में आवाज़ उठा रहे हैं कि हम एक प्रजाति के रूप में खुद को कैसे व्यवस्थित करें, जिससे हमारा मौलिक उत्थान हो।

करोड़ो लोग और लाखों समूह अनगिनत सुधार के करुणा पूर्ण समाधानों पर काम कर रहे हैं। इस विशाल और विविध वैश्विक आंदोलन के दौरान एक बढ़ती हुई मान्यता है कि हमारे पास पहले से ही ज्ञान, कौशल, विचार, प्रौद्योगिकियां और संसाधन हैं, साथ ही बुद्धिमान, सेवा-आधारित नेतृत्व भी हैं जो इन बढ़ते संकटों को प्रभावी ढंग से संबोधित कर सकते हैं। हमारी प्राथमिक चुनौती पूरे समाज को सुधार और उन्नति के लिए प्रभावी ढंग से परिवर्तित और व्यवस्थित करना है।

हमारे अधिकतर वैश्विक ज्ञान और समाधानों का एक सर्वोत्तम संघटन सुनिश्चित करने के लिए, यह आवश्यक है कि हम, आम जनता , अपने और अपने सामाजिक संस्थाओं (शासन, कानून, अर्थ शास्त्र, मीडिया, शिक्षा, आदि) को जीवन के सिद्धांतों और मानव चेतना से करुणामय संरेखित करने के लिए अपने व्यक्तिगत और सामूहिक अधिकार और ज़िम्मेदारी को पुनः अर्जित करें।

इस मान्यता के अनुसार, हम, पृथ्वी के नागरिक के रूप में, नागरिकता की परिभाषा को, पारंपरिक कानूनी परिभाषा, जो यह हैं कि 'राष्ट्र राज्यों की प्रजा', से बदल कर , 'नागरिकता' के अर्थ को फिर से ऐसे परिभाषित करें कि-नागरिक एक, स्व-अधिकृत, जिम्मेदार और सहानुभूतिशील व्यक्ति हैं जो एक सीमाहीन, जीवित पारिस्थितिकी तंत्र जिसे हम पृथ्वी कहते हैं, में रहता हैं। पृथ्वी के नागरिक के रूप में, हम एक वैश्विक रणनीति के लिए एकजुट हो रहे हैं जो हमारे मतभेदों के परे हो; एक स्वस्थ पृथ्वी के लिए हमारी साझा ज़रूरतों और आकांक्षाओं को महसूस करने के लिए हो; और स्थानीय और वैश्विक स्तर पर नागरिक-नेतृत्व वाले स्व-संगठन का प्रभावी रूप से समर्थन करे।

हम सभी तर्कसंगत परंपराओं का सम्मान करते हैं और मानवता और जीवन के लिए सेवा में उनकी अनूठा और साझा समझ लाने के लिए उन्हें आमत्रित करते हैं ।

हम सब साथ में मिल कर, हमारी नासमझी के कारण धरती को जो नुकसान हुआ है, उसका शीघ्र रूप से सुधार कर सकते हैं और पृथ्वी पर जन्म लेने वाली पीढ़ियों और पूरे समुदाय के जीवन के लिए एक संपन्न भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

घोषणा

हम, पृथ्वी के नागरिक, अपने घर, पृथ्वी, और इसके सभी निवासियों के लिए प्यार और चिंता में एकजुट होते हैं। हम पृथ्वी पर सभी जीवन की कल्याण को पुनःस्थापित करने के लिए, राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और वैचारिक सीमाओं के पार एक मानवता के रूप में एक साथ एकजुट होते हैं।

हम मानते हैं कि हमारे व्यक्तिगत, सामूहिक और ग्रह संबंधी स्वास्थ्य सभी परस्पर सम्भंदित और एक-दूसरे पर आश्रित है। मानवता के कल्याण के लिए पृथ्वी और सभी पृथ्वीवासिओं का परस्पर विकास ज़रूरी है।

हम पुष्टि करते हैं कि सभी सरकारों का एकमात्र वैध उद्देश्य आने वाले पीढ़ियों के लिए ग्रह और उसके सभी निवासियों के स्वास्थ्य और जीवन शक्ति की रक्षा करना है।

इसलिए , हम, पृथ्वी के नागरिक, तत्काल और कड़ी वैश्विक कार्रवाई के लिए आत्म-आयोजन करने की प्रतिज्ञा करते हैं। हम स्थानीय स्तर के आंदोलनों, स्वदेशी लोगों, स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शासन, गैर-सरकारी संगठनों और कॉर्पोरेट और वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर निम्नलिखित काम करने का संकल्प लेते हैं:

1. हमारे सामाजिक प्रणालियों को प्रभावी रूप से सभी जीवधारियों के सुधार, सम्पूर्णता और उन्नति के लिए बदलना।

2. हमारे जैवमंडल के स्वास्थ्य और विविधता को पुनःस्थापित करना।

3. सुनिश्चित करना कि सभी मानव और पशु अपनी मुख्य ज़रूरतों को पूरा कर सकते हैं, जो निम्नलिखित हैं: शुद्ध पानी

   ii. स्वच्छ वायु स्वस्थ मिट्टी

   iv. स्फूर्तिदायक भोजन

   v. स्फूर्तिदायक भोजन

   vi. शारीरिक और भावनात्मक सुरक्षा

   vii. अपना जीवन में अपनी योग्यता के अनुसार सफलता से जीने के लिए और सुखद जीवन जीने के लिए सांस्कृतिक और पारिस्थितिक स्थितियों का होना - जिससे मानवता और सभी जीव जन्तुओ का परस्पर कल्याण होगा।

4. हमारी सामूहिक चुनौतियों, मौजूदा समाधानों, और साझा सुधार के उपलब्ध विकल्प, के लिए एक संपूर्ण- प्रणाली बनाना।

5. विश्व स्तर पर एक नयी साझा संस्कृति की तरफ कदम बढ़ाना जो शांति, दया भाव, विविधता में एकता, ज्ञान, सम्पूर्णता, जवाबदेही, सहयोग, उत्थान और सभी जीवनधारणियों के लिए श्रद्धा की बुनियाद पर आधारित हो

मार्गदर्शक सिद्धांत

हम निम्नलिखित सिद्धांतों को बुनियादी मूल रख कर एक पूर्ण प्रणाली के विकास और सुधार के लिए काम करने की प्रतिज्ञा लेते है, जिसकी इस वक़्त तत्काल आवश्यकता है।

अहिंसा और नेतृत्व

- कोई नुकसान न करने की इच्छा रखना और हमारे विचारों, शब्दों और कार्यों को उस के साथ सामजस्य करना जो पूरे समुदाय के लिए पौष्टिक है।

- जीवन की नींव मुख्य तत्वों की रक्षा और सम्मान करना- पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, मौसम, जैव विविधता और संयोजित जीवन शक्ति -और उन्हें उनके प्राचीन प्राकृतिक अवस्था में लौटने की दिशा में काम करना।

- स्वदेशी लोगों, उनकी भूमि और मानव मामलों में उनके ज्ञान, परामर्श और विद्या की रक्षा और सम्मान करना।

- सुनिश्चित करें कि सभी निर्णय अगले 7 पीढ़ियों के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए परिणामों के विश्लेषण पर आधारित हैं, और उस मानव और गैर-मानवीय हितधारकों का प्रतिनिधित्व किया जाता है और उन्हें ध्यान में रखा जाता है।

विविधता में एकता

- आगे बढ़ने के मार्ग में अल्पसंख्यक वर्ग की आवाज़ का सम्मान करना।

- सभी सामाजिक क्षेत्रों में लड़कियों और महिलाओं की पूर्ण सुरक्षा और समानता सुनिश्चित करना।

- स्त्री और पुरुष के बीच परस्पर सम्मान और सद्भाव की संस्कृति बनाना।

- मानव और जैव-मंडल की विविधता के जीवनदायिनी प्रकृति के बारे में हमारी समझ विकसित करना।

- व्यक्तिगत, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय आघात की गहरी परतों को स्वीकार करना, और सबसे कमजोर समुदायों, प्रजातियों और जैव-मंडल की सुरक्षा और बेहतरी के लिए नहीं नीति बनाना।

अर्थव्यवस्था, कानून और नेतृत्व

● उन कानूनों को वैधता प्रदान करें जो जीवनधारणियों की रक्षा और पुनर्जीवित करते हैं और उन सभी कानूनों की निंदा करना जो जीवन को नुकसान पहुँचाते हैं।

● केवल उसी में निवेश करें जो जीवनधारणियों की रक्षा करता है और पुनर्जीवित करता है और जैव मंडल को नुक्सान देने वाले कार्यो से अपनी भागीदारी हटाना।

● सुनिश्चित करें कि सभी निगमों और उद्यमों को नुकसान पहुंचाने वाले कामों को बदलने या भंग करने के लिए समर्थन किया जाए।

● सभी मनुष्यों और जानवरों की मुख्य ज़रूरतों के लिए अनुकूलतम परिस्थितियाँ बनाए जिन्हे हम स्वस्थ अर्थव्यवस्था से हासिल करें ।

● यह सुनिश्चित करें कि नेतृत्व की स्थिति में लोग पूरी प्रणाली के स्वास्थ्य के सिद्धांतों को लागू करने में कुशल हैं और

उपचार, अखंडता, साहस, करुणा, ज्ञान, प्रतिबद्धता, सेवा, विशेषज्ञता के मूल्यों को सबसे अहम मानते हैं और सबकी भलाई के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हैं।

शिक्षा, शिक्षण और संचार माध्यम

● वैश्विक और स्थानीय चुनौतियों, उनके प्रणालीगत कारणों, कई मौजूदा समाधानों और व्यक्तिगत, सामूहिक और ग्रह के उपचार और परिवर्तन के लिए समर्पित सभी संगठनों के बारे में नागरिकों को सूचित करना।

● सभी उम्र, शैली, रुचियों और क्षमताओं के लोगों के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए काम करने के अवसर की पहचान करना जिससे व्यक्ति, समुदाय और सबका विकास हो।

● समुदाय और प्रणाली में विकास और सुधार के लिए ज्ञान, कला, विज्ञान का विकास करना।

● एक सहानुभूतिशील मानव समाज के लिए हमारी भाषा, संचार कौशल, रचनात्मक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक आख्यानों का विकास करना।

नई सामाजिक व्यवस्था की ओर कदम

●ऑनलाइन मंच की शुरुआत जिस पर सर्वश्रेष्ठ मौजूदा नवीन कानूनों को सीखने, इकट्ठा करने, परिष्कृत करने और प्रसारित करने के लिए एक विकसित शुरू करें, जहाँ लोग मिल कर मौजूदा

कानूनों के इस्तेमाल के बारे में सीखें और उसके उपयोग के बारे में प्रचार कर सकें, साथ ही साथ हर क्षेत्र में पृथ्वी के विकास की प्रथाओं का ज्ञान और स्थानीय ज़रूरतों के लिए वैश्विक तौर तरीकों की जानकारी हासिल कर पाए।

●संपूर्ण प्रणाली स्वास्थ्य और उपचार की सेवा के लिए सभी प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक उन्नति को बदलना।

●सभी मानव और गैर-मानव हितधारकों की आवश्यकताओं, संसाधनों और परस्पर-निर्भरताओं को आवाज़ देते हुए, सबसे सर्वश्रेष्ठ नीतियों और सबसे प्रभावी समाधानों पर सलाह देने के लिए स्व-संगठित नागरिक-नेतृत्व वाली 'ज्ञान और विशेषज्ञता समिति' बनाना।

● संपूर्ण ग्रह, जैव मंडल और उसकी ऊर्जा (संसाधनों, कौशल, ज्ञान, विचारों आदि) को नए रूप के स्थानीय और वैश्विक शासन की ओर ले जाने के लिए नई नीति को बनाने और लागू करने के लिए समर्पित होना।

हम, पृथ्वी के नागरिक, पुष्टि करते हैं कि इन उल्लिखित सिद्धांतों को अपनाने से दुनिया भर में एक साथ कई संकटों को हल करने और जीवन में अमन की संस्कृति बनाने की क्षमता है।

हम इन सिद्धांतों का सभी राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों, निगमों और नागरिकों के नेतृत्व वाली संगठनों के लिए अनुशासित कानूनों और नीतियों में विकसित होने का समर्थन करते हैं।

संपूर्ण-प्रणाली स्वास्थ्य के लिए एक व्यापक ढांचे के चारों ओर तालमेल रख कर करना दुनिया भर के नागरिकों को एक संपन्न ग्रह पारिस्थितिकी तंत्र की साझा दृष्टि को प्रकट करने के लिए प्रभावी ढंग से आत्म-संगठित करने में सक्षम बनाता है जहाँ:

● प्रकृति को स्वच्छ हवा, स्वस्थ मिट्टी, और आसानी से सुलभ शुद्ध पानी, और सभी जीवों के लिए भोजन के साथ अपने प्राचीन हाल में बनाया जाए।

● सभी मनुष्यों और जानवरों को पारस्परिक रूप से अपनी अद्वितीय क्षमता का एहसास करने के लिए आवश्यक साधन प्रदान किये जाए।

● वैश्विक समाज वितरित शासन के एक नए रूप के अनुसार आयोजित करना जो पृथ्वी के स्वास्थ्य की रक्षा और उसके सिद्धांतों के मूल उद्देश्य पर आधारित हो।

● मानवता एक दयालु जैव मंडल की रक्षक प्रजाति के रूप में एक साथ काम करे, जो भिन्नता में एकता और सब जीवों के विकास के लिए मिल कर काम करे। (INDENT)

सभी जीवनधारणियों के हक़ के लिए हम साथ खड़े हैं

नियमों का समर्थन करें

पृष्ठ संख्या का अनुवाद करने के लिए कृपया अपने ब्राउज़र में अनुवाद सुविधा का उपयोग करें